# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 15 मार्च, 2016/25 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 41**

----

### विकास खण्ड कांगड़ा

***2884 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विकास खण्ड कांगड़ा में कितनी पंचायतें हैं;

(ख) यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली कुछ एक पंचायतों का विकास खण्ड कांगड़ा नहीं है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार रैत विकास खण्ड की ग्राम पंचायत दुघियारी, बेदी, भडियारा, सनोरा, भेड़ी, मेहरना तथा धर्मशाला विकास खण्ड की गग्गल पंचायत को कांगड़ा विकास खण्ड में समायोजित करने का विचार रखती है ?

----

### सड़क निर्माण

***2885 श्रीमती सरवीन चौधरी(शाहपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बौड़ू-सना सम्पर्क

सड़क निर्माण हेतु अनुसूचित जाति उप योजना में धनराशि स्वीकृत की गई अथवा इसे विधायक प्राथमिकता में डाला गया है; ब्यौरा दें;

(ख) इसके प्रथम चरण के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा द्वितीय चरण के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; और

(ग)ठम्बा (Thamba)-मनोह तथा ललेटा से बनू महादेव सड़कों को विधायक प्राथमिकता में कब-कब डाला गया; इनकी DPR की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डे का निर्माण

*2886 **श्री बी0 के0 चौहान(चम्बा) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने चम्बा में बस अड्डा बनाने का कब निर्णय लिया; और इसका शिलान्यास कब किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इसका निर्माण किस संस्था द्वारा किया जा रहा है और इस पर कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है; और

(ग) इसके निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार का कब तक इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य है; ब्यौरा दें?

----

## आपराधिक मामले

*2887 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री बलदेव सिंह तोमर(शिलाई) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में प्रदेश में चोरी, हत्याएं, बलात्कार, अपहरण, आत्महत्या, Attempt to Murder, छुआछूत, अवैध कटान, अवैध खनन, प्राचीन मूर्तियों एवं पुरातत्व दृष्टि से अमूल्य वस्तुओं की चोरी, चरस तथा मादक द्रव्यों के कितने-कितने मामले दर्ज हुए; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) इन में से कितने मामलों में कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि कुछ देशों के साथ सन्धि न होने के कारण मामले नही निपटाए जा सके हैं; यदि हां, तो क्या प्रदेश सरकार ने ऐसे देशों के साथ सन्धि करने के मामले उठाने बारे केन्द्र सरकार से आग्रह किया है; ब्यौरा दें?

----

## हिमाचलियों को रोजगार

***2888 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्थित लुमिनस उद्योग की कितनी इकाईयां कार्यरत हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह इकाईयां क्या हिमाचलियों को रोजगार प्रदान करने के मापदण्डों को पूर्ण करती हैं; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इन इकाईयों में कितने हिमाचली कार्यरत हैं व उन्हें कितना-कितना वेतन दिया जाता है; ब्यौरा दें?

----

## Quality Control Test

***2889 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many Quality Control Tests have been conducted by the PWD either from Department Lab. or from private Lab.;

(b) what were the reasons by which the PWD was compelled to conduct the tests from private Lab.;

(c) how much amount has been spent by the Department for such tests from private Lab.; and

(d) what is the cost of the instruments/machinery which has been installed in the Department Lab. for such tests; details be given?

----

## विद्युत उत्पादन

*2890 **श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला हमीरपुर में जल विद्युत के उत्पादन की सम्भावना है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस हेतु कुछ स्थानों को चिन्हित किया गया है; ब्यौरा स्थानों के नाम सहित दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2016 तक जिला हमीरपुर के चौड़ू स्थित धौलासिद्ध जल विद्युत परियोजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; समझौता ज्ञापन की प्रति सभा पटल पर रखे; और

(घ) सरकार इस योजना को कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; ब्यौरा इसकी अनुमानित लागत व इससे लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों सहित दें?

----

## Construction of Stadiums

*2891 **Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal of the Department to set up indoor stadium in the urban areas of the State;

(b) whether the Department has any proposal to set up indoor stadium and shooting range in Chamba Town or Dalhousie; and

(c) whether the Department has any proposal to construct a stadium at Dalhousie; if yes, whether the land for its construction has been transferred in the name of user Department ?

----

## करूणामूलक आधार पर रोजगार

*2892 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत करूणामूलक आधार पर कितने लोगों को रोजगार दिया गया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) इस अवधि के दौरान रोजगार प्राप्त कर चुके व्यक्तियों के मामले किस-किस कर्मचारी की मृत्यु से सम्बन्धित थे; विवरण दें; और

(ग) दिनांक 31-1-2016 तक इस विभाग में कितने मामले लम्बित हैं; विवरण वर्षवार नाम व पते सहित सभा पटल पर रखें?

----

## पी0टी0ए0 के अन्तर्गत सेवाएं

*2893 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने अध्यापक पी0टी0ए0 के अन्तर्गत अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा सरकार इन अध्यापकों को क्या वेतन दे रही है; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) यह सत्य है कि जिन अध्यापकों ने पी0टी0ए0 आधार पर सात साल का सेवाकाल पूर्ण कर लिया है उन्हें अनुबन्ध पर लाया गया है; सरकार उन्हें नियमित करने का विचार रखती है;

(ग) ऐसे कितने अध्यापक हैं जो पी0टी0ए0 पालिसी 2006 के तहत भर्ती हुए और जिनकी सेवाएं शिकायतों के आधार पर समाप्त कर दी गई थी और न्यायालय के आदेश अनुसार उनकी सेवाएं बहाल कर दी थी; श्रेणीवार ब्यौरा दें;

(घ) यह भी सत्य है कि वे सर्विस ब्रेक के कारण अनुबन्ध में आने से वंचित रह गए; यदि हां, तो ऐसे कितने अध्यापक हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ड.)सरकार क्या उनके सेवा समाप्ति तथा बहाली के बीच की अवधि को सेवाकाल में जोड़ने तथा उन्हें अनुबन्ध पर लाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## योजनाओं का निर्माण

*2894 **श्री राम कुमार (दून)**:

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकारी एजैन्सी BBNDA के सुचारू रूप से काम करने के बावजूद भी Baddi Barotiwala Nalagarh Industrial Association(BBNIA) एक निजी संस्था बद्दी इन्फ्रास्ट्रक्चर के नाम से कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इस निजी संस्था द्वारा अभी तक किन-किन सरकारी स्कीमों का निर्माण कार्य किया गया; ब्यौरा खर्च की गई धनराशि सहित दें;

(ग) बद्दी इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा निर्मित CETP के नक्शों पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा बिना स्पैसिफिकेशन की लगाई गई पाईपों के बारे क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) यह सत्य है कि बद्दी इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा सभी भर्तियां रोजगार कार्यालय से न करके किसी प्राइवेट एजैंसी के माध्यम से की गई; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## सड़क निर्माण

***2895 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि झण्डुता विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सड़कों के निर्माण कार्यों को रोक दिया गया है:

(i) थुराण-निशान वाया पंजीण सड़क;

(ii) तलाई-घट्टी सड़क;

(iii) बरड़-डूहक वाया मुरथल सड़क;

(iv) दसलेहड़ा-घुमारपुर वाया खमेड़ा कलां सड़क;

(v) दसलेहड़ा से घराण वाया ठण्डेपानी सड़क;

(ख) इन सड़कों की स्वीकृति किस-किस Head के अन्तर्गत दी गई व इनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ग) इनमें से किस-किस सड़क का कार्य टैण्डर के उपरान्त भी आरम्भ नहीं किया गया है; ब्यौरा टैण्डर की तिथियों व निर्माण में देरी के कारणों सहित दें?

----

## लो-वोल्टेज की समस्या

***2896 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला सिरमौर के राजगढ़ उप-मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या है;

(ख) यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा ऐसे गांवों का Survey किया गया है; ब्यौरा गांववार दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***2897 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने पुलिस थाना मनाली व कुल्लू के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है; और

(ग) सरकार ने इनके निर्माण कार्य शुरू करने के लिए क्या-क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## Intra State Transmission System

***2898 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last two years how much funds for all schemes have been sanctioned under Intra State Transmission System in the State through externally aided projects;

(b) name of these schemes with sanctioned amount may be given; and

(c) what is the latest status of these sanctioned works?

----

## बस सेवा

***2899 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा निम्न ग्रामीण सड़कों पर कब तक बस सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है:-

(i) चुवाड़ी-कैन्थली, चुवाड़ी-गगाहर, समोट-मोरठू;

(ii) कुन्ना-कुट पलियाणा, नैनीखड्ड-खैरी, तुनूहट्टी-रौणी, मोतला-काथला और होवार-खडेडा; ब्यौरा दें ?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2900 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0, एफ0सी0ए0 क्लीयरेंस न मिलने के कारण लम्बित पड़ी हैं; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इनमें से कितनी सड़कें ऐसी हैं जिनमें वन भूमि एक हैक्टेयर या इससे कम संलिप्त है; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ग) सरकार ने 'ख' भाग में दर्शाई सड़कों की डी0पी0आर0 बनाने हेतु क्या कदम उठाए हैं?

----

## सब्जी मण्डी का निर्माण

***2901 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा तहसील मुल्थान के अंतर्गत सब्जी मण्डी मुल्थान का निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया तथा कितनी धनराशि इसके निर्माण पर खर्च की गई; ब्यौरा ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(ख) इस सब्जी मण्डी का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## विदेशी दौरों पर धनराशि का व्यय

***2902 श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**
**श्री संजय रतन(ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 25 जनवरी, 2012 से 31 दिसम्बर, 2015 तक प्रदेश में बोर्डों, निगमों तथा सरकारी उपक्रमों के कितने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अधिकारी तथा अन्य विभागों के उच्चाधिकारी विदेशी दौरों पर गए; ब्यौरा विभाग, बोर्ड व निगमों का पदवार व नाम सहित दें;

(ख) सरकार की इन दौरों पर कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) सरकारी अधिकारी किस उम्र तक विदेश में ट्रैनिंग हेतु जा सकते हैं; ब्यौरा दें?

----

## हैलीपैड का निर्माण

***2903 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड चौहारा-चिड़गाँव में Helipad बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो किस स्थान पर; और

(ख) सरकार की वर्तमान में इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु क्या योजना है; ब्यौरा दें ?

----

## सड़क निर्माण

***2904 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि घुरला से जुब्बड़ वाया गिचना मोटर योग्य मार्ग जो कि विधायक प्राथमिकता में है की DPR बना ली गई है; यदि हां, तो कितनी धनराशि की; ब्यौरा दें;

(ख) इस सड़क का क्या वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार इस सड़क का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## भू-अधिग्रहण प्रक्रिया

***2905 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में किन-किन सड़कों (National Highways) को "फोरलेन" बनाने के लिए भू-अधिग्रहण प्रक्रिया का कार्य किस-किस स्तर पर है;

(ख) NH-3 के अन्तर्गत भू-अधिग्रहण प्रक्रिया अधिनियम 1956 के अनुसार की जा रही है या नए भू-अधिग्रहण प्रक्रिया अधिनियम, 2013 की धारा 26 के अन्तर्गत किया जा रहा है;

(ग) 3-D की नोटिफिकेशन द्वारा कहां-कहां व किस-किस सड़क का भू-अधिग्रहण किया गया;

(घ) अधिनियम 2013 के अनुसार "सोशल-इम्पैक्ट सर्वे" 3A को क्या प्रारम्भ करने की अलग से नोटिफिकेशन की गई; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ड.) फोरलेनिंग संघर्ष समिति कीरतपुर-मण्डी-मनाली ने क्या भू-अधिग्रहण प्रक्रिया को नकार दिया है; और

(च) जालन्धर मण्डी वाया धर्मपुर की भू-अधिग्रहण प्रक्रिया की वस्तुस्थिति की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***2906 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## बस सेवा

***2907 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने निम्न बस सेवाएं बन्द कर दी हैं:-

(i) हमीरपुर-समताना वाया गाहलियां;

(ii) हमीरपुर-धनेटा (पंजधाम);

(iii) हमीरपुर-होशियारपुर वाया कांगू-धनेटा;

(ख) यदि हां, तो यह बस रूट कब से चल रहे थे और कब बन्द किये गये; ब्यौरा रूटवार बन्द करने के कारणों सहित दें; और

(ग) सरकार क्या इनको पुनः आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण व यदि हां, तो कब तक ?

----

## सड़क की डी0पी0आर0

***2908 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जैदेवी से नछेत और कन्सा खड्ड पर मोटर योग्य पुल स्कीम को विधायक प्राथमिकता में कब डाला गया; विवरण दें;

(ख) इसकी DPR क्या बनकर तैयार है; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ?

----

## मिड-डे मील वर्कर

***2909 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कितने mid day meal workers कार्य कर रहे हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या इन workers के लिए स्थाई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

----

## आधुनिक पाठशाला

***2910 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिलाई में आधुनिक पाठशाला (Modern School) खोली गई; यदि हां, तो किस स्थान पर;

(ख) वर्तमान में इस भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें;

(ग) इस पाठशाला के नाम कितनी भूमि है; ब्यौरा दें; और

(घ) केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कितना-कितना धन व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## माता बाला सुन्दरी मंदिर ट्रस्ट

***2911 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि माता बाला सुन्दरी मंदिर ट्रस्ट त्रिलोकपुर के माध्यम से समाज सेवा के कुछ कार्य किए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो त्रिलोकपुर पंचायत जिसमें माता का मंदिर स्थित है के अनेक गांव के रास्तों व पुलियों के निर्माण के लिए ट्रस्ट द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है; और

(ग) मंदिर ट्रस्ट क्या त्रिलोकपुर गांव को विकास हेतु गोद लेने पर विचार करेगा; यदि नहीं, तो कारण?

----

## टोल टैक्स बैरियर

*2912 **श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार ने प्रदेश में स्थापित टोल टैक्स बैरियर में कार्यरत ठेकेदारों से कुल कितनी बकाया धनराशि लेनी है; ब्यौरा बैरियरवार दें;

(ख) सरकार द्वारा इस बकाया धनराशि की वसूली हेतु क्या पग उठाए गए तथा दिनांक 31-1-2016 तक कितनी धनराशि प्राप्त हुई;

(ग) शेष रह गई धनराशि की वसूली न होने के लिए कौन दोषी है तथा उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष में ऊना, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर और कांगड़ा जिला में कितना-कितना टोल टैक्स प्राप्त हुआ; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## सड़क हादसों को रोकना

*2913 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकार ने सड़क हादसों की निरन्तर वृद्धि को रोकने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## हवाई अड्डा निर्माण

*2914 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार जिला कागंड़ा के उप-मण्डल देहरा-ज्वालाजी के अन्तर्गत हवाई अड्डा निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Yatri Niwas

***2915 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Department of Tourism/HPTDC intends to construct a Yatri Niwas at Bhalai in Dalhousie Assembly Constituency;

(b) whether the land for the said purpose has been identified and transferred to user Department; and

(c) by when the construction work is likely to start?

----

## अग्निकांड से नुकसान

***2916 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष जिला किन्नौर में 120 मैगावाट की भावा परियोजना में आग लगने के क्या कारण थे;

(ख) इस अग्निकांड में मशीनरी व विद्युत उत्पादन का कितना नुकसान हुआ;

(ग) सरकार क्या इस अग्निकांड की न्यायिक जांच करवाने का विचार रखती है; और

(घ) इस परियोजना में विद्युत उत्पादन कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## भवन निर्माण

***2917 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वाली चौकी, घनियार (व्याटा), गाड़ागुसेनी एवं घाट के भवन निर्माण हेतु शिलान्यास कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो कब तथा इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## आदर्श महाविद्यालय

*2918 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार द्वारा Sarahan में Model College खोलने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई है; और

(ग) Model College में क्या विशेष सुविधायें दी जाएंगी तथा इस भवन का निर्माण कब तक प्रारम्भ होगा ?

----

## अग्निशमन केन्द्र

*2919 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के पतलीकूहल में अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## भूमि कटाव

*2920 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शिव मंदिर बैजनाथ के पास हो रहे भूमि कटाव को रोकने हेतु कोई योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा

*2921 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में पर्यटन को विकसित करने के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स, ट्रैकिंग, हैकिंग व अन्य गतिविधियों को प्रारम्भ करने हेतु क्या पग उठाए गए व इस हेतु सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गई;

(ख) गत तीन वर्षों में पर्यटन विभाग द्वारा इन गतिविधियों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ग) प्रदेश में निजी एजैंसियों द्वारा इन गतिविधियों को कहां-कहां चलाया जा रहा है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार द्वारा क्या इन एजैंसियों को लाइसेंस प्रदान किए गए हैं; यदि हां, तो कितने लाईसेंस जारी किए गए; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय

***2922 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार रोहड़ू में स्थायी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की स्थायी अदालत खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## धनराशि का आबंटन

***2923 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किस-किस पाठशाला को राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान(RMSA), सर्व शिक्षा अभियान (SSA), शिक्षा विभाग, उपायुक्त शिमला तथा अनुसूचित जाति योजना से कितनी-कितनी धनराशि कौन से शीर्ष (Head) से आबंटित की गई; ब्यौरा पाठशाला के नाम का स्वीकृत धनराशि सहित दें;

(ख) प्रत्येक पाठशाला ने कितनी-कितनी धनराशि खर्च की और कितनी शेष है; ब्यौरा दें; और

(ग) किस-किस विभाग को कार्य करने के लिए धनराशि दी गई; ब्यौरा विभाग का स्वीकृत धनराशि सहित दें?

----

## बग्गी-धनोटू सड़क

***2924 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बग्गी से लेकर धनोटू तक सड़क का टेंडर हो चुका है; विवरण दें;

(ख) यदि हां, तो कब और कितने का टेंडर हुआ है; विवरण दें; और

(ग) इस सड़क की टारिंग का कार्य कब तक पूर्ण होगा ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 27 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**